## हरियाली तीज पर होगा पौधारोपण कार्यक्रम

**करौली,** (निंसं.)। अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि हरियाली तीज के अवसर पर 27 जुलाई को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में 76वां राज्य स्तरीय वन महोत्सव तथा जिला स्तरीय वन महोत्सव के अवसर पर विशेष वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हरियाली तीज के अवसर पर वृक्षारोपण अभियान हेतु जन प्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों, गैर सरकारी संगठनों, निजी संस्थाओं, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, मीडिया, एनसीसी, स्काउट्स व आमजन के सहयोग से जिला मुख्यालय, उपखण्ड, पंचायत स्तर अधिक से अधिक वृक्षारोपण कराकर मुख्यमंत्री की बजट घोषणा मिशन हरियालो राजस्थान को सफल बनाया जाना है। इस मिशन हेतु करौली जिले को 4.00 लाख पौधारोपण का लक्ष्य दिया गया है।

# हरियाली अमावस्या पर मदनमोहन जी मंदिर में रही धूम

■ पुलिस ने संभाला मोर्चा

**करौली,** (निंसं.) । करौली के प्रसिद्ध मदन मोहन मंदिर में हरियाली अमावस्या पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड पडी वही पुलिस प्र'ाासन ने मंदिर जाने वाले हर मार्ग पर दोपहिया से लेकर तिपहिया और चोपहिया वाहनो कि आवाजाही रोक दी जिससे लोगो का राहत महसूस हुई।

गुरूवार को प्रात 4:00 बजे मंगला आरती से ही दर्शनार्थियों का मंदिर मे आना शुरू हो गया। यह क्रम देर रात शयन आरती तक जारी रहा। मंदिर को आम और अशोक के पत्तों व फूलों से सजाया गया। भगवान को हरे वस्त्र पहनाए गए। सभी झांकियों में भगवान के विठाह हरे वस्त्रों में विराजमान थे। वन विहार झांकी का विशेष आकर्षण रहा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस ने विशेष इंतजाम किए। हिंडौन दरवाजा,वजीरपुर गेट और गणेश गेट पर एक तरफा यातायात व्यवस्था लागू की गई। तिपहिया और चैपहिया वाहनों का प्रवेश रोका गया। मदन मोहन जी मंदिर मार्ग पर मोटरसाईकिलो की आवाजाही पर भी प्रतिबंध रहा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकर लाल के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। मंदिर प्रांगण में प्रसाद वितरण की व्यवस्था अलग से कि गई जिले के ठाामीण क्षेत्रों के अलावा आसपास के जिलों से भी श्रद्धालु पहुंचे। जिन्होने भगवान मदन मोहन से परिवार की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। प्रात: 4:00 बजे मंगला आरती से भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया मंदिर की ओर से भी भक्तों को दर्शन लाभ के अलावा प्रसाद के काउंटर लगाए गए हैं।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकर लाल ने बताया कि हरियाली अमावस्या को देखते हुए शहर में तिपहिया, चैपहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया और दर्शन समय में सभी वाहनों को परकोटे के अंदर मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग पर प्रवेश की अनुमति नही दी यातायात व्यवस्था सुचारू रखने और शांति तथा सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए के लिए मंदिर एवं सभी प्रमुख चैराहों पर पुलिस के जवान तैनात रहे। इस दौरान यातायात प्रभारी मंजू फोजदार,पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम, कोतवाली थाना अधिकारी अध्यात्म गौतम ने समय-समय पर व्यवस्थाओं को संभाला। गंभीर जनक बात यह रही की पुलिस प्रशासन ने हरियाली अमावस्या को यातायात व्यवस्था बनाने के लिए मोटरसाइकिल, ऑटो टेंपो और चैपाइयां वाहनों को शहर में प्रवेश नहीं दिया लेकिन मोटरसाइकिल के लिए रोकने से पहले प्रशासन ने कोई पार्किंग व्यवस्था नहीं की जिससे दूर दराज से दर्शनों के लिए मोटरसाइकिलों से आए दर्शनार्थियों के सामने मोटरसाइकिल खडी करने का संकट सामने खड़ा हो गया और दर्शनार्थियों को दर्शन लाभ लेने से पहले मोटरसाइकिल चोरी जाने का भी संकट सामने खड़ा हो गया पुलिस और प्रशासन को वाहनों के शहर मे प्रवेश पर पाबंदी लगाने से पूर्व नगर परिषद प्रशासन को पार्किंग व्यवस्था की जिम्मेदारी देनी चाहिए जिससे मोटरसाइकिल चोरी जाने का दर्शनार्थियों को भय मुक्त दर्शन लाभ करने का मौका मिले चर्चा है कि एक दर्शनार्थी की मोटरसाइकिल कोतवाली के सामने पुलिस प्रशासन के लगे बेरियल पर रोकी और शहर में प्रवेश नहीं दिया दर्शनार्थी मोटरसाइकिल को कोतवाली के बगल वाले रास्ते में पीछे जाकर खड़ी कर गया जिसको चोरो द्वारा चुरा कर ले जाने की चर्चा है।

## सार-समाचार

### खंडेलवाल सखी ने ''रंगीलो सावन'' महोत्सव धूमधाम से मनाया

**भरतपुर** ( निस)। खंडेलवाल सखी ने ''रंगीलो सावन'' महोत्सव बडी धूमधाम से मनाया। खंडेलवाल सखी संयोजिका सरोज लोहिया ने बताया कि खंडेलवाल सखी हिन्दू संस्कृति के संवर्धन करते हुए सभी त्यौहार मिल जुल कर मनाती हैं। इसी क्रम में इस बार भी 'रंगीलो सावन' महोत्सव होटल रूचि रेस्टोरेंट में बडी धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम संयोजिका वंदना व ममता ने बहुत ही जानदार व शानदार कार्यक्रम करवाया, इसमें सभी सखियों ने गुरप डांस, एकल डांस, मल्हार तथा तीज से संबंधित गेम खेलकर भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम का खंडेलवाल सभी के सभी सदस्य परिवारों ने मिलकर आनंद लिया। तीन क्वीन प्रियंका बनीं तथा प्रथम रनर अप कल्पना रहीं। सखी द्वारा प्रत्येक सदस्य को सिंजारा, दुपट्टे दिया गया। इस खूबसूरत शाम को प्यारे-प्यारे बच्चों ने अपनी परफोरमेंस देकर यादगार बना दिया। इस कार्यक्रम में सुधा खंडेलवाल, राधा मेठी, संगीता, नीतू, कान्ता, अंजू, बीना नाटाणी, विनिता, सोनिया, निशा, मधु, कामिनी, राधा पीतलिया, निशा गुप्ता, स्वाति, मधु गुप्ता, वर्षा, रीना, प्रियंका, कल्पना आदि सभी सखियों का सहयोग रहा। सखी समता ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन लजीज व्यंजनों के साथ हुआ।

### वीरेन्द्र नागर भरतपुर शहर कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष बने

**भरतपुर** (निस)। राजस्थान प्रदेश कांठोस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत की अनुशंषा पर जिला कांठोस सेवादल के जिलाध्यक्ष डा. निरंजन सिंह ने वीरेन्द्र नागर को भरतपुर शहर कांठोस सेवादल का शहर अध्यक्ष नियुक्त किया है। वीरेन्द्र की नियुक्ति पर समस्त कांठोसजनों ने खुशी व्यक्त की है।

### मतदान 3 अगस्त को

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर में निर्वाचन अधिकारी पेंशनर हितकारी सहकारी समिति लिमिटेड के निर्वाचन अधिकारी ओमप्रकाश शर्मा वरिष्ठ अधिवक्ता के द्वारा दी गई सूचना के अनुसार निर्वाचन प्रक्रिया में प्राप्त वैध 12 सामान्य नामांकन पत्रों में से किसी भी उम्मीदवार द्वारा कोई नाम वापिस नहीं होने के कारण चुनाव लडने वाले उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया गया है, जिसकी सूची दोपहर 12.30 बजे नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है। निर्वाचन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि भाग लेने वाले वाले मतदाताओं को निर्वाचन प्राधिकरण द्वारा 03 अगस्त को प्रात: 10 बजे से सांय 4 बजे तक चुनाव होगा, जिसमें भाग लेने वाले मतदाताओं को निर्वाचन प्राधिकरण द्वारा घोषित आई.डी. जैसे आधार कार्ड, वोटर आई.डी. लाइसेंस इत्यादि साथ में लाना आवश्यक है। निर्वाचन स्थान पेंशनर भवन काली की बगीची, सिंघल नर्सिग होम के सामने, भरतपुर रहेगा। पेंशनर हितकारी सहकारी समिति की तीन आरक्षित सीटों पर महिला सामान्य पर आशा शर्मा पत्नि पदम चंद शर्मा एवं अनुसूचित जाति पर चन्द्रभान माहौर पुत्र मिहीलाल एवं अनुसूचित जनजाति पर रामसिंह मीणा पुत्र सुन्दर लाल मीणा को निर्विरोध निर्वाचित किया गया।

### सारस्वत बने लोक अभियोजक

**करौली ।** करौली के वरिष्ठ एडवोकेट ओम प्रकाश सारस्वत के पुत्र सामाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट रितेश सारस्वत लोक अभियोजक पी पी नियुक्त किए गए। करौली बार एसोसिएशन एवं सामाजिक एवं राजनीतिक व्यक्तियों ने सारस्वत को बधाई एवं शुभकामनाएं दी

### समीक्षा बैठक 28 को

**करौली,** (निंसं.) अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि सोमवार 28 जुलाई को प्रात: 10.30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में 79 वें स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त की पूर्व तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक तैयारियों के साथ उपस्थित होने के निर्देश जारी किये है।

### पदयात्रा की तैयारी

**गंगापुर सिटी ।** श्रीजी सेवा समिति के तत्वाधान में डिग्गी पुरी कल्याण जी महाराज की 19वीं पदयात्रा की तैयारीयो को लेकर एक आवश्यक मीटिंग का आयोजन उदेई मोड फल सब्जी मंडी में शुक्रवार दोपहर 1 बजे किया जाएगा। समिति अध्यक्ष कालू राम सैनी ने बताया कि 25 जुलाई को यात्रा की व्यवस्था को लेकर जिम्मेदारी सौंप जाएगी। यात्रा संरक्षक सीएल सैनी ने यात्रा समिति के सभी सदस्यों को आवश्यक रूप से मीटिंग में भाग लेने का आग्रह किया है।

# प्रभावशाली लोग थडी ठेले वालों से वसूल रहे हैं रुपए

■ जिनके लगने से कोतवाली से लेकर हिंडौन दरवाजे तक दिन भर आम सडक मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रहने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है

**करौली,** (निंसं.) करौली शहर के मुख्य सड़क मार्गों पर लगने वाले फल, सब्जी, चाट पकौड़ी आदि के ठेलो से दुकान, मकान मालिको के अलावा प्रभावशाली लोग किराए के नाम पर राशि वसूल कर नगर परिषद प्रशासन और जिला प्र'ाासन को चुनौती दे रहे हैं जिनके लगने से कोतवाली से लेकर हिंडौन दरवाजे तक दिन भर आम सड़क मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रहने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

संवाददाता की खास रिपोर्ट के अनुसार जिला मुख्यालय स्थित गुलाब बाग से लेकर कोतवाली थाना, सामान्य चिकित्सालय से हिंडौन दरवाजा, फूटाकोर्ट चैराहा शहर का सबसे व्यस्ततम सड़क मार्ग है जिस सड़क मार्ग के हालात खास तौर से कोतवाली से लेकर सामान्य चिकित्सालय से हिंडौन दरवाजे तक मुख्य सड़क मार्ग पर फल, सब्जी, चाट पकौड़ी, आदि के लगने वाले ठेलो से दिनभर वाहनों का जाम लगने से पैदल राहगीरों के अलावा मदन मोहन जी मंदिर के दर्शनों के लिए शहर से जाने वाले महिला, पुरुषों सहित दूर दराज से आने वाले दर्शनार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसके अलावा सामान्य चिकित्सालय में उपचार के लिए आने वाले रोगियों को भी भारी परेशानियों से जूझते देखा जाता है इसी व्यस्ततम सड़क मार्ग पर फल, सब्जी, चाट पकौड़ी के ठेलो के अलावा सब्जी मंडी से लेकर अस्पताल तक तो मोटरसाइकिलों का आडे तिरछे जमावड़ा लगने से और भारी परेशानियों का लोगों को सामना करना पड़ रहा है वहीं कोतवाली से सब्जी मंडी अस्पताल और हिंडौन दरवाजा तक आवारा पशुओं का भी इतना आतंक रहता है कि उनके आतंक से बचकर लोग घर से कुशल पहुंचने में अपने आप को भाग्यशाली समझते हैं ऐसा नहीं है कि इस धरातल की रिपोर्ट से नगर परिषद प्रशासन, यातायात पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारियो सबको इसकी जानकारी होते हुए भी शहर की आम जनता और राहगीरों की समस्या का समाधान निकालने से अधिकारी पीछे क्यों हट रहे हैं इसके अलावा ट्रक यूनियन चैराहे से लेकर अशोक पेट्रोल पंप तक वह भी हाईवे सड़क मार्ग पर स्थित दुकान मालिकों ने अपनी दुकानों के आगे और लगा रखी है।

## आत्मनिर्भर बनाने पर जोर

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर जिला कलक्टर ने महिला अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक ली गई। विभाग द्वारा संचालित बेटी बचाओ-बेटी पढाओ योजना में नवाचार करने एवं प्रचार-प्रसार करने हेतु निर्देषित किया जिसके तहत प्रसूताओं को बेटी बचाओ-बेटी पढाओ लोगो युक्त सफेद सूती खेस एवं नवजात बेटियों के लिए यूनीसेक्स बेबी गिफ्ट सेट उपलब्ध कराने हेतु एवं षिक्षा सेतु योजना में ड्रापऑउट बालिकाओं का सुपरवाइजरों एवं साथिनों के माध्यम से चिन्हीकरण कराकर राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल के माध्यम से कक्षा 10वीं से 12वीं में प्रवेष के लिए आवेदन करवाये जावें।

मुख्यमंत्री नारी प्रशिक्षण एवं कौषल संवर्धन योजना के तहत निशुल्क कम्प्यूटर प्रषिक्षण को ब्लॉक/ठााम पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जावे।

उद्यमी /कामकाजी महिलाओं को प्रषिक्षण दिलाकर मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना के तहत बैंको के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाया जाये।

## गुमानो बीजासणी माता की 20 वीं पदयात्रा की तैयारियां

■ कार्यकारिणी व संरक्षक मंडल की बैठक संपन्न, संयोजकों को किया मनोनीत सौंपी जिम्मेदारी

**गंगापुर सिटी ।** मां गुमानो बिजासनी देवी सेवा समिति की कार्यकारिणी एवं संरक्षक मंडल की बैठक पुरानी अनाज मंडी स्थित फूड कोस्टा रेस्टोरेंट के सभागार में समिति अध्यक्ष महेश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें गंगापुर सिटी से करणपुर धाम को माँ गुमानो बिजासन की अगस्त माह में जाने वाली 20 वीं पदयात्रा की व्यवस्था हेतु संयोजकों का चयन किया गया। महामंत्री गोपाल सोनी ने बताया कि सर्वसम्मति से दिनेश सिंघल धोलेटा को पदयात्रा का मुख्य संयोजक व हरकेश पटवारी को संयोजक बनाया गया।

वही विष्णु गुप्ता और उनकी टीम को भोजन, पप्पू गुरु, मुरारी लाल को रथ, ब्रह्म प्रकाश व रमेश सेन को स्टेज, गोपाल सोनी को वाहन व पूजन सामग्री, कुंज बिहारी को जल, दिनेश चूडी को जागरण पार्टी, मुकेश लाइट को चाय, उद्देश्य मंगल को सोशल मीडिया व मंच व्यवस्था, गिर्राज सेन को प्रचार व धर्मेंद्र राजावत को टेंट, रमेश गुप्ता को बैग व्यवस्था, डॉ विजेंद्र गुप्ता व डॉक्टर मुकेश गुप्ता को चिकित्सा, सतीश गुप्ता को फोटोग्राफी, संरक्षक मंडल को भोजन वितरण व मंच संचालन अध्यक्ष, महामंत्री, मुख्य संयोजक, उद्देश्य मंगल व समय पर जो सदस्य उपलब्ध होगा उनकी व्यवस्था रहेगी! बैठक में शिवचरण गुप्ता एलआई, हरिचरण गुप्ता प्रिंसिपल, जगदीश बर्रिया, घनश्याम गुप्ता, पप्पू गुरु, ब्रह्मानंद गुप्ता, सतीश गुप्ता, शिव नारायण झ्रझ्र, ओम प्रकाश गुप्ता (एसडीआई), विनोद मच्छीपुरा, बिहारी गुप्ता सपोटरा, धर्मेंद्र राजावत, प्रदीप माली सहित काफी संख्या के सदस्य में सदस्य गण उपस्थित रहे।

## राईजिंग राजस्थान में हुए एमओयू की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न

■ गुरूवार को जिला कलक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में कलक्टर कक्ष में आयोजित की गई

**भरतपुर** (निस)। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेन्ट समिट अंतर्गत संपादित एमओयू प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा बैठक गुरूवार को जिला कलक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में कलक्टर कक्ष में आयोजित की गई। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को संबंधित निवेशकों से नियमित रूप से संपर्क कर एमओयू प्रकरणों का राजनिवेश पोर्टल पर अपडेशन करने के निर्देश दिए। उन्होंने लम्बित कार्य हेतु संबंधित विभाग के लिये टास्क जनरेट कर लम्बित कार्यों का त्वरित निस्तारण कराने के निर्देश दिए। जिससे राज्य सरकार की मंशानुरूप एमओयू प्रकरणों का शतप्रतिशत क्रियान्वयन हो सके। ऐसे निवेशक जिनके द्वारा कोई रेस्पान्स नहीं किया जा रहा है, ऐसे प्रकरणों को सी कैटैगरी के अंतर्गत अपडेट कराने की बात कही। उन्होंने जिले में नवीन रीको औद्योगिक क्षेत्र हेतु भूमि चिन्हिकरण करने के लिए क्षेत्रीय प्रबंधक रीको को निर्देश देते हुए कहा कि उपयुक्त स्थान का चिन्हिकरण करें जिससे जिले में उद्यिमयों को सुविधाऐं विकसित की जा सके। उन्होंने उद्यिमयों को भरतपुर में कृषि आधारित, आईटी आधारित उद्योगों की स्थापना के लिए प्रेरित करें। पर्यटन सुविधाओं की वृद्धि के लिए होटल एवं रेस्टोरेंट के क्षेत्र में भी विकास की विपुल संभावनाऐं है। महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र सीएम गुप्ता ने अवगत कराया गया कि जिले में राइजिंग राजस्थान अंतर्गत कुल 212 एमओयू किये गये हैं। जिनमें से आज दिनांक तक 47 एमओयू क्रियान्वित हो चुके हैं एवं 38 एमओयू शीघ्र क्रियान्वित होने की स्थिति में हैं। इस अवसर पर सचिव बीडीए नीलिमा तक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला नगर नियोजक, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण मंडल, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, एसई जेवीवीएनएल रामहेत मीणा, क्षेत्रीय प्रबंधक रीको, संयुक्त निदेशक डीओआईटी सहित कृषि उपज मंडी समिति, आरएसएलडीसी, पर्यटन, तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# तहसील स्तर पर 30 जुलाई तक आयोजित होंगे शिविर

■ फसल बीमा योजना खरीफ 2025 की बैंकवार बीमा प्रगति की समीक्षा की गई

**करौली,** (निंसं.) कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक वीडी शर्मा ने बताया कि गुरूवार को जिला कलक्टर की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ 2025 की बैंकवार बीमा प्रगति की समीक्षा की गई। जिले में अभी तक पात्र केसीसी धारक 79394 के विरूद्व 13939 (19 प्रतिषत) कृषकों का बीमा हुआ। 81 प्रतिषत कम प्रगति को जिला कलक्टर द्वारा गम्भीरता से लिया गया, उनके द्वारा सभी बैंकर्स को पात्र ऋणी कृषकों का बीमा शत-प्रतिषत करने के निर्देष दिये एवं कहा कि यदि पात्र कृषकों का बीमा नही किया गया तो संबंधित बैंक के बैंकर्स जिम्मेदार होगें। अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि व्व्ज्.व्व्ज् की अंतिम तिथि 24 जुलाई है, एवं शेष पात्र ऋणी कृषकों का 31 जुलाई तक अनिवार्य रूप से बीमा करें। संयुक्त निदेषक ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत खरीफ 2025 हेतु सभी अधिसूचित फसलों के लिये जोखिम कवर होगा जिसमें कम वर्षा अथवा प्रतिकूल मौसमीय परिस्थितियों से बुवाई नहीं होने की स्थिति (बाधित, निष्फल बुवाई) में क्षेत्रीय दृष्टिकोण के आधार पर, खडी फसल (बुवाई से कटाई) में सूखा, लम्बी सूखा अवधि, बाढ, जलप्लावन, कीट व व्याधि, भू-स्खलन, बिजली गिरने से प्राकृतिक आग, तूफान, ओलावृष्टि और चक्रवात के कारण उपज, गारण्टी उपज से कम रहने पर फसल कटाई प्रयोगों से प्राप्त उपज के ऑकडों के आधार पर, फसल कटाई उपारान्त सूखने के लिये खेत में काटकर फैलाकर छोडी गई फसल को चक्रवात, चक्रवाती वर्षा, असामयिक वर्षा, ओलावृष्टि से व्यक्तिगत आधार पर हुये नुकसान के लिये कटाई उपरान्त अधिकतम 14 दिन की अवधि के लिये।कटाई पष्चात् प्रभावित बीमित फसल के कृषक को नुकसान की सूचना 72 घण्टे के अन्दर सीधे भारत सरकार द्वारा संचालित कृषि रक्षक पोर्टल एवं हेल्पलाईन नं. 14447 पर अथवा ब्लवच प्देनतंदबम ।चच अथवा लिखित में अपने बैंक, कृषि विभाग के अधिकारियों या जिले के लिए अधिकृत रिलायंस जनरल इंष्योरेन्स कम्पनी लि0 के टोल फ्री नम्बर 18001024088 मेल आईडी पर देनी होगी। गैर ऋणी कृषक बैंक, पोस्ट ऑफिस, सीएससी के माध्यम से फसल बीमा करवा सकते है। इसके लिये एठाी फार्म रजिस्ट्री आईडी, आधार कार्ड, बुबाई क्षेत्रफल का घोषणा पत्र आदि दस्तावेज अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि गैर ऋणी कृषकों के लिये तहसील स्तर पर रिलायंस जनरल इंष्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में तहसील करौली व मासलपुर में 25 जुलाई को, तहसील सपोटरा व मण्डरायल में 26 जुलाई को, तहसील हिण्डौन और श्रीमहावीरजी में 28 जुलाई को, तहसील सूरौठ व टोडाभीम मे 29 जुलाई को और तहसील नादौती व बालघाट में 30 जुलाई को षिविर लगाये जावेगें।संयुक्त निदेषक महोदय द्वारा बताया गया।

## विद्यार्थियों को स्वल्पाहार कराया

**रूपवास भरतपुर** (निस)। रूपवास उपखंड के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिनऊआ में व्याख्याता रामबाबू योगी ने विद्यालय के लिए एक कम्प्यूटर सेट दान किया है। इसके अलावा, उन्होंने विद्यालय के बच्चों को स्वल्पाहार भी करवाया।विद्यालय की प्रधानाचार्य मधु उपाध्याय ने व्याख्याता रामबाबू योगी और शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि अगर ऐसे शिक्षक विद्यालय में होंगे, तो किसी भी संसाधन की कमी नहीं होगी। रामबाबू योगी का यह योगदान विद्यालय के लिए एक सराहनीय कदम है, जो छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने में मदद करेगा।विद्यालय में संसाधनों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए शिक्षकों और समाज के लोगों का सहयोग आवश्यक है। रामबाबू योगी का कम्प्यूटर सेट दान करना एक सराहनीय कदम है, जो विद्यालय को आधुनिक तकनीक से लैस करने में मदद करेगा। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें सुंदर सिंह, प्रदीप कुमार, रोहित कुमार, उमेश कुमार, राजेश सैनी, रविकांत, भूपेंद्र शर्मा, मुन्नालाल, शिव कुमार, गणपत सिंह, जगदीश प्रसाद, बनय सिंह, पुष्पेंद्र शर्मा, राजकुमार तंवर, ईश्वरी प्रसाद और भोज प्रकाश शामिल थे।

# बयाना से सोरोजी तक पहुंची कांवड यात्रा

**बयाना ।** सावन का पवित्र महीना चल रहा है और इस दौरान शिव भक्त भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए विशेष पूजा, जलाभिषेक और व्रत करते हैं. मान्यता है कि सावन के महीने में सृष्टि का समस्त कार्यभार भगवान शिव संभालते हैं. इस कारण इस मास में भगवान शिव अपने भक्तों पर विशेष कृपा दृष्टि बनाए रखते हैं। भक्त भी पूरे समर्पण से उनकी उपासना कर उनसे अपने जीवन की मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना करते हैं। ऐसे ही भक्तिभाव के साथ सावन के बयाना कस्बे में में कई जगह पर कावड़ यात्रियों का स्वागत सत्कार फुल वर्ष की गई। यह कावड़ यात्रा का आयोजन उषा मंदिर तीतर बाड़ी से कावड़ यात्रियों को रवाना किया गया। तथा शिव जी का विधि विधान से मंत्रोच्चार के साथ जलाभिषेक किया गया। जानकारी अनुसार शिव भक्तों ने बताया कि 24 जुलाई को करीब दो दर्जन से अधिक श्रद्धालु सोरोंजी गए थे। वहां से डाक कावड़ का दल कावड़ लेकर सरोजी तक पहुंचा। कावड़ यात्राओं का लोगो ने शिव भक्तों की बयाना से सरोजी तक पहुंचे कावड यात्रा किया स्वागत सत्कार शिव भक्तों ने डीजे के साथ भजनों पर नाचते थिरकते हुए नगर की परिक्रमा दी, उसके बाद श्रद्धा भाव से उषा मंदिर शिवजी पर जलाभिषेक किया गया। इस अवसर परराम प्रकाश शर्मा, दीपक शर्मा, भोला शर्मा मनोज पाराशर ख़ेमश, जतिन विवेक उपाध्याय मनु उपाध्याय, महेंद्र, भोली, गौरव, कुलदीप, लोरी, लोकेंद्र, राहुलजगरिया, बिज्जू,ओम प्रकाश, गौरव कावड यात्रा में आदि लोग उपस्थित रहे।

■ सावन के महीने में सृष्टि का समस्त कार्यभार भगवान शिव संभालते हैं. इस कारण इस मास में भगवान शिव अपने भक्तों पर विशेष कृपा दृष्टि बनाए रखते है



बयाना में कांवडियों का स्वागत किया।

## सख्त निर्देश दिए

**भरतपुर** (निस)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य ने डॉ गौरव कपूर ने सभी खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारियों एवं सभी चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों को निर्देशित किया है कि जिले में मानसून का दौर चल रहा है। इसे देखते हुए सभी चिकित्सालयों में मौसमी बीमारियों पर रोकथाम, जांच एवं उपचार के लिए पुख्ता व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। ताकि मौसमी बीमारियों के केस नियंत्रण में रहें। सीएमएचओ ने बताया कि विगत वर्ष मौसमी बीमारियों पर प्रभावी रोकथाम की गई थी, जिसके चलते केसों की संख्या कम रही और मौतें भी नगण्य रहीं। इस वर्ष भी माकूल प्रबंधन करते हुए मौसमी बीमारियों के प्रसार पर नियंत्रण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां भी आवश्यकता है, तत्काल अवगत कराएं। अस्पतालों में दवाओं की समुचित उपलब्धता और जांच उपकरणों की क्रियाशीलता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मौसमी बीमारियों के बारे में नियमित रूप से रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश दिए। साथ ही खण्ड स्तर पर प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। सीएमएचओ ने कहा कि सभी अधिकारी फील्ड में एक्टिव रहकर स्वास्थ्य कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।


## कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति मासलपुर जिला करौली

क्रमांक-पंसमा./लेखा/निविदा/2025-26/601 दिनांक-21.07.2025

### निविदा सूचना संख्या 11-12/2025-26

पंचायत समिति मासलपुर में विभिन्न योजनाओं ''ग'' श्रेणी जलाशय मत्स्याखेट की अनुज्ञा देने के लिए अनुभवी फर्मो/प्रतिष्ठिता फर्मो/प्रतिष्ठिता संस्थाओं/इच्छुक व्यक्तियों से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता निर्धारित राशि डिमाण्ड ड्राफ्ट में जमा कराकर पंचायत समिति से निविदा प्रपत्र एवं निविदा प्रपत्र एवं निविदा शर्त प्राप्त कर सकते है। निविदाओं को विवरण निम्न प्रकार है-

| निविदा संख्या | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाखों में) | अमानत राशि | निविदा शुल्क | आरआई एसएल शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मिटिंग/शिविरों में टैन्ट, कुर्सी, माईक, जनरेल, आरओ वाटर (कैम्पर) आदि व्यवस्था | 2.00 | 4000 | 200 | 500 |
| 2 | ''ग'' श्रेणी जलाशय वर्ष 2025-26 मत्स्याखेट ठेका स्टेजेज बढोतरी के आधार पर 5 वर्ष की समयावधि | | | | |
| | 1. बंध मदनसागर (ग्राम पंचायत भावली) | 10000 | 1000 | 200 | |
| | 2. बंध डोडियान ताल | 10000 | 1000 | 200 | |

उक्त सभी निविदाओं को बेचने प्राप्त करने एवं खोलने आदि का कार्यक्रम निम्नानुसार होगा।

निविदा जारी होने की दिनांक 21.07.2025 दोपहर 11.00 बजे तक दिनांक 28.08.2025 तक 11.00 बजे एएम तक बेची जाएगी।

निविदा प्राप्त करने की दिनांक व समय - दिनांक 28.07.2025 प्रात 12 बजे तक

निविदा खोलने की दिनांक व समय - दिनांक 28.07.2025 दोपहर पश्चात 2 बजे से

सामग्री की मात्रा एवं कार्य का विवरण निविदा प्रपत्रों में अंकित है। कार्य/सामग्री की मात्रा में आवश्यकतानुसार कमी या बढोतरी की जा सकती है। निविदा शर्ते एवं निविदा प्रपत्र कार्यालय समय में निर्धारित शुल्क नगद/डिमाण्ड विकास अधिकारी पंचायत समिति मासलपुर के पक्ष में देय हो जमा कराकर प्राप्त किया जा सकता है। निविदाए उक्त निर्धारित दिनांक एवं समय पर जमा कराई जा सकती है। निविदा का प्रकाशन sppp.raj.gov.in पर कर दिया गया है। निर्धारित प्रारूप में दर प्रस्तुत न करने पर एवं अस्पष्ट होने पर एवं अपूर्ण निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदाए बिना कारण बताए निरस्त की जा सकती है।

(मोहनलाल शर्मा,RRDS)
विकास अधिकारी
पंचायत समिति मासलपुर

## कार्यालय पंचायत समिति सपोटरा

क्रमांक/पसस/लेखा/सामग्री निविदा/2025-26/1228-34 दिनांक-23.07.2025

### ई-निविदा सूचना सं. 1/2025-26

पंचायती राज नियम 1996 के नियमों के तहत पंचायत समिति सपोटरा के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत हैण्डपम्प एवं ट्यूबवेल निर्माण एवं स्थापना एवं अन्य योजना के निर्माण कार्य हेतु उक्त कार्य के लिए सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-बोली के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए खुली प्रतियोगी बोली द्वारा दर संविदा हेतु ऑन-लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। समस्त कार्यो के लिये निविदा शुल्क एवं अमानता राशि विकास अधिकारी पंचायत समिति सपोटरा के नाम एवं प्रोसेसिंग शुल्क MD RISL के नाम देय बैंकर्स चैक/डी.डी. के माध्यम से जमा करानी होगी। अन्य शर्ते कार्यालय समय मं देखी जा सकती है।

| कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाखों में) | निविदा प्रपत्र शुल्क | प्रोसेसिंग शुल्क | बोली प्रतिभूति राशि | ऑनलाईन निविदा विक्रय/डाउनलोड/अपलोड करने की दिनांक एवं समय | निविदा डीडी एवं हार्ड कॉपी जमा कराने का दिनांक | निविदा खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| पंचायत समिति सपोटरा के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत हैण्डपम्प एवं ट्यूबवेल निर्माण एवं स्थापना कार्य एवं पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं हेतु दर संविदा | 300.00 | 2000/-रू. | 2000/-रू. | 600000/-रू. | ई-निविदा जारी होने की दिनांक से 24.07.2025 से 13.08.2025 तक 06.00 पी.एम. | दिनांक 14.08.2025 को 04.00 पी.एम. | 14.08.2025 11.00 एएम से |

उक्त निविदा का पूर्ण विवरण एवं शर्ते www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं Downlond/upload की जा सकती है। साथ ही जिला स्तरीय कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर कार्य दिवसों में देखी जा सकती है।

UBN-ZKR2526WSRC00371

(बृजलाल बैरवा)
विकास अधिकारी
पंचायत समिति सपोटरा